हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–232 : जौनपुर, बुधवार 22 दिसंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## प्रदेश में कोरोना मरीजों के 216 मामले सक्रिय : थोड़ी सी लापरवाही पड़ेगी भारी –मुख्यमंत्री


लखनऊ ब्यूरो : कोविड से बचाव के लिए ट्रेसिंग, टेस्टिंग, ट्रीटमेंट और टीकाकरण की नीति के सही क्रियान्वयन से प्रदेश में स्थिति नियंत्रित है। बीते 24 घंटों में हुई 01 लाख 84 हजार 494 सैम्पल की जांच में कुल 21 संक्रमितों की पुष्टि हुई। इसी अवधि में 14 लोग उपचारित होकर कोरोना मुक्त भी हुए। आज प्रदेश में कुल एक्टिव कोविड केस की संख्या 216 है, जबकि 16 लाख 87 हजार 633 मरीज कोरोना को मात दे चुके हैं। आज 39 जिलों में एक भी कोविड मरीज शेष नहीं है। कोविड के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। थोड़ी सी लापरवाही भारी पड़ सकती है। भारत सरकार के ताजा दिशा–निर्देशों के अनुरूप नए वैरिएंट की रोकथाम के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री योगी ने टीम–9 के साथ बैठक में ये बातें कही। उन्होंने कहा कि 18 करोड़ 88 लाख से अधिक कोविड टीकाकरण और 09 करोड़ 12 लाख से अधिक टेस्टिंग करके उत्तर प्रदेश टेस्टिंग और टीकाकरण देश में प्रथम स्थान पर है। यहां 06 करोड़ 56 लाख 60 हजार से अधिक लोगों को टीके की दोनों डोज देकर कोविड का सुरक्षा कवर प्रदान कर दिया गया है। 12 करोड़ 31 लाख लोगों ने टीके की पहली डोज प्राप्त कर ली है। इस प्रकार पटीकाकरण के लिए पात्र प्रदेश की कुल आबादी में से 83.55



फीसदी को पहली और 44.54 फीसदी लोगों को दोनों डोज मिल चुकी है। आपदा राहत, कृषि, कानून–व्यवस्था सहित विभिन्न क्षेत्रों में 'ड्रोन' की महत्ता को देखते हुए प्रदेश में ड्रोन निर्माण इकाई की स्थापना के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। आईटीआई संस्थानों में ड्रोन तकनीक के प्रशिक्षण के लिए सर्टिफिकेट व डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू किए जाएं। आवश्यक्तानुसार आईआईटी कानपुर के सहयोग लिया जाए। इसके साथ–साथ प्रदेश में बेहतर कानून–व्यवस्था के दृष्टिगत ''ड्रोन'' के प्रयोग को लेकर राज्य स्तर पर स्पष्ट नियमावली तैयार की जाए।

## रज्जू भैया संस्थान में रामानुजन की जयंती मनाई गई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के रज्जू भैया संस्थान के गणित विभाग में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर महान गणित वैज्ञानिक श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.निर्मला एस.मौर्य ने कहा कि राष्ट्रीय गणित दिवस हमें श्रीनिवास रामानुजन के काम की प्रशंसा करने का अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने भले ही शुद्ध गणित में कोई औपचारिक प्रशिक्षण नहीं लिया था, लेकिन गणित के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान को अभी भी स्वीकार किया जाता है। इसमें उन समस्याओं का समाधान प्रदान करना भी शामिल है जिन्हें तब अनसुलझा माना जाता था। वह अपनी कुलदेवी नामगिरी से प्रेरणा लेकर गणित के सूत्रों पर काम करते थे। इस अवसर पर इंदौर एसजीसीआईटीएस के गणित विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. स्मिता वर्मा ने कहा कि रामानुजन के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और गणित के अनुप्रयोगों को विभिन्न गति मॉडलों से विस्तार से समझाया। विशिष्ट वक्ता गणित और साइंटिफिक कंप्यूटिंग एमएमएम यूटी गोरखपुर



के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हरिश्चंद्ररा ने कहा कि रामानुजन में संख्या सिद्धांत पर काफी काम किया जिसकी वजह से हम गणित में अपनी पहचान विश्व स्तर पर बनाए हुए हैं। संचालन कार्यक्रम के संयोजक डा. दीपक कुमार मौर्य धन्यवाद ज्ञापन डॉ आशीष वर्मा ने किया। इस अवसर पर रज्जू भैया के डायरेक्टर प्रो.देवराज सिंह ने स्वागत भाषण किया। इस अवसर पर डॉ मिथिलेश कुमार यादव , डॉ. सौरभ कुमार सिंह दिनेश वर्मा डॉ. प्रमोद कुमार, संदीप वर्मा, डॉ श्रवण कुमार आदि उपस्थित थे।

## विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष सचिव एवं ग्रामप्रधान का ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जौनपुर डीकेसू ब्यूरो : आज दिनाँक 22/12/2021 दिन बुधवार को ब्लाक संसाधन केंद्र मडियाहू जनपद जौनपुर पर खंड शिक्षा अधिकारी मड़ियाहूं श्री मनोज कुमार यादव के संयोजन में संगोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी मुख्य अथिति क्षेत्र की यशस्वी विधायक श्रीमती डॉ0 लीन तिवारी रही।कार्यक्रम की अध्यक्षता आदरणीय रवींद्रनाथ यादव वरिष्ठ प्रवक्ता डायट जौनपुर द्वारा की गयी।कार्य क्रम में विकास खण्ड मडियाहू के समस्त ग्रामपंचायतों के ग्राम प्रधान,समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यपक, विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष उपस्थित रहे।कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालय में सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं एवं भविष्य की योजनाओं की सम्यक जानकारी दी गयी तथा अभिभावकों को अपने पाल्यो को शिक्षा दिलाने हेतु प्रेरित एवं जागृत किया गया।डॉ0 लीना तिवारी जी ने अपने शिक्षक जीवन तथा अपने बचपन की बातें याद करते हुये शिक्षकों ,अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधा समिति के अध्यक्षो को शिक्षा के प्रति समर्पित होने हेतु प्रेरित किया।ग्राम प्रधानअध्यक्ष श्यामजी यादव ने ग्राम प्रधानों से सहयोग हेतु अपील किया।डायट प्रवक्ता आदरणीय रवींद्रनाथ यादव द्वारा शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए गए।कम्पोजिट विद्यालय शुदनीपुर,मेजा की बालिकाओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।ग्रामप्रधान शुदनीपुर एवं प्रधान अध्यक्ष तथा विभिन्न अध्यापको द्वारा 3500 रुपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया, जिसे लालबहादुर यादव द्वारा विद्यालय की ओर सेवितरण हेतु प्राप्त किया गया।आदरणीय विधायक द्वारा कन्या शुदनीपुर के लेखक द्वय राजबहादुर यादव व विजयबहादुर यादव द्वारा लिखित पुस्तक '' करोनकाल में



कविता '' का विमोचन किया गया।कार्यक्रम के अंत मे खण्ड शिक्षा अधिकारी मड़ियाहूं द्वारा डॉ लीना तिवारी विधायक, डायट प्रवक्ता रवींद्रनाथ यादव,डायट मेंटर विनय यादव,एडिओपंचायत मडियाहू,प्रधान संघ अद्यक्ष को मोमेंटो एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर पूर्व एबीआरसी लालबहादुर यादव,कमलेशचंद यादव,सेवालाल पटेल,प्रधानद्यपक अच्छेलाल यादव,वेदप्रकाश संकुल प्रभारी,संतोष कुमार पटेल,अनिलकुमार यादव,निहालसिंह,अरुनसिंह, राम सजन,रमेश यादव,शशिशेखर,आनंद यादव,रामआसरे कन्नौजिया ,यूटा अध्यक्ष डॉ0 हेमंत सिंह,विशाल सिंह अध्यक्ष ,कम्प्यूटर आपरेटर ज्ञानचंद,रवि,कामलेष्पटेल,अविनाश,एवं विजय सिंह सौरभ कुमार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष रामप्रसाद यादव ने किया।

## जिला श्रम विभाग ई–श्रमकार्ड बनाने के लिए प्रदेश में तीसरा और मंडल में पहले स्थान पर किया कब्जा

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के ई–श्रमकार्ड बनाने का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।25 अगस्त 2021 को शुरू हुई है योजना तेजी से आगे बढ़ रही है।इसी क्रम में गोरखपुर जिला 8 लाख 40 हजार से ज्यादा श्रमिकों के ई–श्रमकार्ड बनाकर मंडल में अव्वल स्थान हासिल किया है और प्रदेश में तीसरे स्थान पर बना हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक असंगठित क्षेत्र के ई–श्रमकार्ड धारकों को भारत सरकार दो लाख का एक्सीडेंटल बीमा और पांच लाख तक का मुफ्त इलाज की सुविधा दे रही है।प्रदेश में 8 करोड़ से ज्यादा श्रम कार्ड बनाने का लक्ष्य सरकार द्वारा रखा गया है। जिसमें गोरखपुर के श्रम विभाग ने जिले में अभी तक 8 लाख 40 हजार की ई–श्रम कार्ड बनाकर मंडल में अव्वल और प्रदेश में तीसरा स्थान पर कब्जा कर लिया है। सहायक श्रम आयुक्त कृष्णकांत यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि श्रम कार्ड बनवाने के लिए जनसेवा केंद्रों को अधिकृत किया गया है।रजिस्ट्रेशन कराने की फीस मात्र 20 तय की गई है। जन सेवा केंद्र पर रजिस्ट्रेशन कराने के लिए श्रमिक को अपना आधार कार्ड,बैंक पासबुक और एक फोटोग्राफ और परिवार का डिटेल मुहैया कराना होता है रजिस्ट्रेशन के उपरांत उन्हें ई–श्रम कार्ड जारी किया जाता है। जिसमें 2 लाख का एक्सीडेंटल बीमा और 5 लाख तक का मुफ्त इलाज मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने बताया किस जिले में अभी तक 840000 श्रमिकों का ई–श्रमकार्ड बना दिया गया है। श्री यादव ने बताया की प्रतिदिन 15000 से ज्यादा श्रमिकों का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है।श्रमिक किसी भी जन सुविधा केंद्र पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी होते ही श्रमिकों को तत्काल ई श्रमकार्ड दे दिया जाता है।

## प्रधान पुत्र ने लगाया गांव के युवक पर द्वारा हत्या व साजिश का आरोप

गोरखपुर खजनी ब्यूरो रवि कुमार : खजनी।क्षेत्र के भिऊरा खडग्राम गांव के प्रधान पुत्र ने मंगलवार को गांव के ही एक युवक पर हत्या की साजिश का पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है, इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडेय ने बताया तहरीर मिली है प्रकरण की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उनवल चौकी के भिउरा खड़ग्राम गांव के प्रधान पुत्र विजय शंकर मौर्य थाने में दिए गए तहरीर में बताया गांव के ही प्रभुनाथ मौर्या बदमाश किस्म के व्यक्ति है मेरे बैनामा शुदा जमीन को हड़पने के लिए विपक्षी मेरी हत्या की साजिश कर रहे है,मंगलवार को गांव के निकट समा माता के मंदिर पर पूजा के लिए गया था, पूजा करके घर वापस जा रहा था इसी बीच विपक्षी चार पहिया वाहन में बैठे 4 लोगो के साथ दो असलहाधारी मेरा पीछा करने लगे,मैं किसी तरह भाग कर जान बचाया,मैं थाने पहुंचकर तहरीर देकर चार पहिया वाहन में मौजूद असलहा धारियों व अन्य लोगो के खिलाफ कार्यवाही मांग किया हु, अगर मेरी हत्या होती है तो उसके जिम्मेदार प्रभूनाथ मौर्या वगैरह होंगे।

## समाजवादी अल्पसंख्यक सभा का प्रदेश सचिव बनायें जाने पर साजिद अलीम का सपा कार्यालय पर स्वागत समारोह संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी अल्पसंख्यक सभा का प्रदेश सचिव बनायें जाने पर साजिद अलीम (सभासद) का सपा जिला अध्यक्ष लाल बहादुर यादव के अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय पर स्वागत समारोह आयोजित किया गया वहीं स्वागत समारोह को संम्बोधित करते हुए साजिद अलीम ने कहा जीस उम्मीद से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मेरे जैसे छोटे कार्यकर्ता को प्रदेश सचिव बनाकर एक संन्देश दिया अगर निष्ठा ईमानदारी से आप कार्य कर रहे तो राष्ट्रीय नेतृत्व को सारी जानकारी रहतीं है आज मुझे लग रहा है की मै जितना भी समाजवादी पार्टी के लिए कार्य किया है उससें बहुत अधिक सम्मान हमको आज मिला है अब जीवन का यही लक्ष्य है 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है उसके लिए जितनी भी मेहनत करनी होगी हम अपने साथियों के साथ करेंगे अध्यक्षता करते हुए जिलाअध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा की साजिद अलीम जैसे नौजवान को जीस उम्मीद से नेतृत्व ने बडी जिम्मेदारी दिया है हमें पूरी उम्मीद है जितना उम्मीद भरोसा नेतृत्व ने साजिद अलीम पर जताया है उससे ज्यादा ये कार्य करने का काम



करेंगे स्वागत समारोह का संन्चालन जिलामहाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया मुख्य रूप प्रदेश सचिव कलीम अहमद,विवेक रंजन यादव, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी,श्रवण जयसवाल, अनवारुल हंक इरशाद मंसूरी डां शरफराज खाँ कमालुद्दीन अंसारी,गप्पू मौर्या दीपक जायसवाल शाहनवाज डॉ हसीन बबलू कृष्णा यादव बजरंगी यादव अलमास अहमद सिद्दीकी विकास यादव,आरीफ हबीब,मालती निषाद, माला शुक्ला, सोनी यादव,शबनम नाज,विजय बागी,अरशद कुरैशी शकील मंसूरी फिरोज पप्पू शिवजीत यादव,शेरू खाँ मजहर आसिफ, राजा समाजवादी,आसिफ शाह, तारा त्रिपाठी, दिनानाथ सिंह रमेश साहनी, रियाज आलम आदि लोग उपस्थित रहें।

## दिवंगत शिक्षा मित्र के परिवार को शिक्षकों द्वारा दिया गया आर्थिक सहयोग

जौनपुर डीकेसू ब्यूरो : आज दिनाँक 22–12–2021 को ब्लाक संसाधन केंद्र पर आयोजित संगोवश्ठी मे स्वर्गीय इंद्रमणि शिक्षा मित्र प्राथमिक विद्यालय रामपुर खास विकास क्षेत्र मड़ियाहूं जनपद जौनपुर जिनका स्वर्गवास दिनाँक 3/12/2021 को आकस्मिक हृदय गति रुकने से हो गया था के संदर्भ में बेसिक शिक्षा विभाग मड़ियाहूं से जुड़े समस्त प्रधानाध्यापक,सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र, अनुदेशक ,अनुचर द्वारा दु:ख की इस घड़ी में हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुये परिवार के साथ खड़े रह कर खंड शिक्षा अधिकारी मड़ियाहूं की प्रेरणा से अपना सहयोग प्रदान किया है जिसे खण्ड शिक्षा अधिकारी श्री मनोजकुमार यादव के कर कमलों द्वारा डायट मेंटर आदरणीय रविन्द्र नाथ यादव वरिष्ठ प्रवक्ता डायट,एडीओ पंचायत श्री प्रमोद कुमार श्रीवास्तव एवं विकासखंड के सम्मानित ग्रामप्रधान,एस एम सी अध्यक्ष ,पूर्व एबीआरसी लालबहादुर यादव,प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राम प्रसाद यादव,श्री शिवकुमार सरोज जिला मंत्री,आनन्द यादव मंत्री,यूटा अध्यक्ष हेमंत सिंह ,समस्त न्यायपंचायत समन्वयक आदरणीय अरुण सिंह,निहालसिंह,राम आसरे कन्नौजिया,शशिशेखर मौर्य,अनिल कुमार यादव,वेदप्रकाश,श्याम



नारायण,रमेश यादव,रामसजन यादव,कैलाश नाथ एबीआरसी कमलेश यादव,प्रधानाध्यापक अच्छेलाल यादव,शिवनारायण यादव, महिला शिक्षक ,समस्त शिक्षक संकुल की गरिमामय उपस्थिति में कुल एक लाख बाइस हजार पांच सौ रुपये प्रदान किया गया।आप द्वारा यह अपेक्षा की गई कि यह सहयोग की परम्परा अनवरत चलनी चाहिए।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## प्रसपा जिलाध्यक्ष व पूर्व ब्लाक प्रमुख रंजीत यादव ने दी शुभकामना



आर एल पाण्डेय लखनऊ। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं चिनहट क्षेत्र के पूर्व ब्लाक प्रमुख रंजीत यादव से देश की उपासना समाचार पत्र के जिला संवाददाता आर एल पाण्डेय ने भेंट की उन्होंने शुभकामना देते हुए कहा कि देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए हिंदी दैनिक समाचार पत्र देश की उपासना नूतन वर्ष 2022 के शुभ अवसर पर शुभकामना संदेश प्रकाशित कर रहा है। इसके लिए देश की उपासना समाचार पत्र को बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं तथा कहा कि हिंदी दैनिक ,साप्ताहिक एवं मासिक समाचार पत्र के रूप में नियमित प्रकाशित हो रहा है यह गर्व की बात है एवं समाचार पत्र की वेबसाइट ,ऐप तथा पोर्टल के साथ ई–पेपर भी उपलब्ध है। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी की खबरें डीकेयू लाइव चैनल पर भी दिखाई जाती हैं तथा समाचार पत्र में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी की खबरें प्रमुखता से प्रकाशित की जाती हैं। इसके लिए संपादक महोदय को बहुत–बहुत धन्यवाद।

## ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा

आर एल पाण्डेय लखनऊ। ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी के नेतृत्व में अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत विकास खण्ड कार्यालय से भव्य तिरंगा यात्रा मोहनलाल गंज तक निकली गयी। मोहनलाल गंज में



अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला बिंदेश्वरी, जिला अध्यक्ष दिनेश लोधी, पूर्व विधायक का चंद्रा रावत ,युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरू पांडे के नेतृत्व में विधान सभा क्षेत्र मोहनलालगंज की जनता के अलावा मुख्य अतिथि सह प्रान्त प्रचारक मनोज जी की उपस्थिति रही और इस कार्यक्रम में विशेष रूप से भारतीय सेना के सेवानिवृत अधिकारियों का सम्मान किया गया।

## कायस्थ सम्मेलन को लेकर कायस्थ महासभा ने किया बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राजनीतिक गलियारे में अपनी भागीदारी साबित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंद्रसेन श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक आवश्यक बैठक



परमानतपुर स्थित कैंप कार्यालय पर संपन्न हुई जिसमें प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्द्रसेन श्रीवास्तव ने बताया कि राजनीतिक पार्टियां कायस्थ समाज के लोगों को अनदेखी कर रही हैं जबकि कायस्थ समाज हमेशा निस्वार्थ भाव से कार्य करती रही है पहले सभी पार्टियों के लोग कायस्थों को 20: तक भागीदारी देती थी किंतु अब कायस्थों की भागीदारी 2: से भी कम हो गई है यदि ऐसे ही राजनीतिक पार्टियां कायस्थों की उपेक्षा करती रहेंगी तो उन्हें पछताना पड़ेगा इसके बाद जिलाध्यक्ष नीलमणि श्रीवास्तव ने सभी कायस्थों को एकजुट होने का आवाहन किया जिससे सभी राजनीतिक पार्टियां कायस्थों को अपनी पार्टी में उच्च पद देने के लिए मजबूर होना पड़े। इसके साथ ही कई बिंदुओं पर विचार–विमर्श किया गया और एक बैठक अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा किया गया जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कायस्थ समाज जनवरी माह में एक हुंकार रैली का आयोजन करेगी जिसमें जनपद के सैकड़ों कायस्थ सहभागिता करेंगे। बैठक में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव साधु, प्रदेश सचिव श्रीकांत श्रीवास्तव, अनीश श्रीवास्तव, तुषार श्रीवास्तव अनुराग श्रीवास्तव ,अतुल श्रीवास्तव ,भानु श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव खुशबू ,हरीश चंद श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे ।संचालन प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक (पत्रकार) ने किया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

"कुछ इस कदर चलो, कि लोग तुम्हारे निशानों पर चलना शुरू कर दें।"

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# गेट परीक्षा के लिए डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम जरूरी : श्री एम रमेश

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के केंद्रीय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल एवं तथा एस इंजीनियरिंग अकैडमी नई दिल्ली द्वारा मंगलवार को संयुक्त रूप से लाइव वेबीनार का आयोजन किया गया , जिसका विषय था '' डेटा बेस मैनेजमेंट सिस्टम ''. । बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग तथा इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ वर्ष के लिए आयोजित इस सेमिनार में एकेडमी के वरिष्ठ संकाय सदस्य श्री एम रमेश ने छात्रों को गेट परीक्षा एवं कैंपस सेलेक्शन के लिए डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम विषय के आधारभूत ज्ञान से परिचित कराया। श्री रमेश इंजीनियरिंग अकेडमी में विगत 18 वर्षों से कार्यरत हैं।उन्हें देश में डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम विषय के कुछ चुने विशेषज्ञों में गिना जाता है। उन्होंने बताया कि इंफोसिस एवं टीसीएस जैसी कंपनियां अपने कैंपस सिलेक्शन में इस विषय से बड़ी संख्या में प्रश्न पूछती हैं ,तथा इस विषय के जानकार छात्रों को बड़े पैकेज के साथ चयनित करती हैं। उन्होंने डाटा ,इनफार्मेशन, रिकॉर्ड आदि के तकनीकी अंतर को स्पष्ट किया। इस अवसर पर एकेडमी के उत्तरी क्षेत्र के तकनीकी मैनेजर श्री राजेंद्र कुमार, अक्षत बंसल एवं मार्केटिंग मैनेजर गौरव सिंह सहयोग प्रदान किया। केंद्रीय ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वयक डॉ संदीप कुमार सिंह ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए उनका परिचय कराया एवं सभी सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि माननीय कुलपति जी की इच्छा के अनुरूप केंद्रीय प्लेसमेंट सेल सतत रूप से छात्रों के ज्ञान वर्धन के लिए विभिन्न विशेषज्ञों को आमंत्रित करता रहेगा, जिससे छात्रों की कंप्यूटर दक्षता को इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि कि वेबीनार को अपार सफलता प्राप्त हुई है, वेबीनार में विभागाध्यक्ष डॉक्टर संजीव गंगवार, अशोक कुमार यादव, संतोष कुमार यादव, दिलीप कुमार यादव, ज्ञानेंद्र पाल, रितेश श्रीवास्तव और कुल 323 छात्रों ने वेबीनार में प्रतिभाग किया।

## खोजी चरित्रवान ही स्काउट हो सकता है: अरविंद श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय रोवर्स– रेंजर्स लीडर्स कार्यशाला के द्वितीय दिवस में आज प्रातः 6:00 बजे से बीपी सिक्स योगाभ्यास से दिन की शुरुआत की गई। प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त श्री अरविंद कुमार श्रीवास्तव जी ने बताया कि स्काउट खोजी, साहसी एवं चरित्रवान होता है। रोवर्स–रेंजर्स स्काउटिंग गतिविधियों का विस्तार है। प्रत्येक आयु वर्ग के व्यक्ति को स्काउटिंग के बारे में जानना चाहिए और अपनाना चाहिए। साथ ही साथ शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं के व्यक्तित्व विकास को सबसे अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में भारत स्काउट गाइड के मुख्य आयुक्त डॉ प्रभात कुमार आईएएस भूतपूर्व लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष ने बताया स्थानीय स्तर पर योग्य लीडर्स तैयार करने के बाद ही हम योग्य छात्र छात्राओं को तैयार कर सकते हैं। क्योंकि बिना अच्छे गुरु के अच्छा ज्ञान मिलना संभव नहीं होता। शिक्षक समाज की रीढ़ होता है। आज के तृतीय सत्र में प्रोफेसर डॉ मानस पांडेय, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय प्रबंध अध्ययन संस्थान एवं नैक मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष ने



नई शिक्षा नीति एवं नैक मूल्यांकन में गैर शैक्षणिक गतिविधियों जैसे रोवर्स रेंजर्स, एनसीसी–एनएसएस को प्रत्येक छात्र के लिए अनिवार्य बताया। कार्यशाला के चतुर्थ सत्र में श्रीमती ललिता प्रदीप प्रादेशिक कमिश्नर गाइड एवं अपर निदेशक बेसिक शिक्षा लखनऊ ने बताया कि हमारी आधी आबादी महिलाओं की है । सत्र के अंत में डॉ शफीउज्जमा, लीडर ट्रेनर एवं जनपद आजमगढ़ के संयोजक ने बताया कि रोवेरिंग के माध्यम से युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा में मोड़ा जा सकता है। रोवर्स रेंजर्स विश्वविद्यालय संयोजक डॉ जगदेव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्रतिभागियों से कुछ सीख कर जाने की अपील की। इसमें आज कार्यशाला के दूसरे दिन डॉ अजय कुमार दुबे, डॉ मनोज कुमार मिश्र, गाजीपुर, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव मुख्य आयुक्त जौनपुर, राकेश कुमार मिश्र लीडर ट्रेनर तथा लगभग 100 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री की रैली में जाने की जिद पर अड़ी महिलाओं ने किया धरना प्रदर्शन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रयागराज में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महिला सौगात रैली में भाग लेने के लिए आई समूह की250 महिलाओं ने जाने के लिए साधान की व्यवस्था नही होने पर हंगामा खड़ा कर दिया।नाराज महिलाओं ने ब्लाक मुख्यालय पर जंघई मार्ग पर धरने पर बैठ गई।चार घन्टे तक सड़क पर बैठी रही।कोतवाल के काफी देर तक समझाने के बाद वे किसी तरह से घर वापस गयी। मंगलवार को सुबह साढ़े पांच बजे10 बसों में सवार होकर महिला लाभार्थियो को लेकर ब्लाक के अधिकारी कर्मचारी प्रयागराज के लिए रवाना हो गए।उसके बाद6बजे के करीब लगभग250महिलाओं का समूह ब्लाक पर पहुचा तो वहां पता चला की जिन्हें जाना था उनकी बस चली गई अब साधन की कोई व्यवस्था नही है।यह सुनते ही महिलाए आक्रोशित हो गई ब्लाक गेट पर नारेबाजी करने लगी।इसके बाद जंघई मछलीशहर मार्ग पर सड़क पर बैठ गयी जिससे आवागमन बाधित हो गया।सूचना मिलते ही कोतवाल अवनीश राय मौके पर पहुंचे गये।उन्होंने उन्हें समझना चाहा किन्तु महिलाएं कार्यक्रम में जाने की जिद पर अड़ी रही।लगभग चार घन्टे की जद्दोजहद के बाद महिलाएं घर वापस लौटने पर राजी हुईं।मामले में प्रभारी निरीक्षक अवनीश राय का कहना है कि कुछ लाभार्थियो को महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम में जाना था।समय से नही आने के कारण बस चली गई और वे छूट गई।उन्हें समझा बुझाकर घर वापस भेज दिया गया है।

## पान खाने को लेकर विवाद में जमकर मारपीट : दोनो तरफ से मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मछली शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के भाऊपुर गांव में बीती रात्रि 9 बजे पान खाने को लेकर विवाद में मारपीट में दोनो तरफ से एक एक लोग घायल हो गए जिनको जिला अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार विजय बहादुर सिंह की पान की दुकान है ।जिस पर दलित बस्ती के कुछ युवक पान खाने खाए किसी बात को लेकर विवाद हो गया इसी बीच दोनो पक्षों में मारपीट हो गई जिसमे एक पक्ष के विजय बहादुर 60 साल व दूसरे पक्ष के लल्लन गौतम 60 साल दोनो घायल हो गए सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मछली शहर सीएससी भेजवाया वहा से स्थिति गंभीर देखते हुवे दोनो को जिला अस्पताल रेफर किया गया। लल्लन गौतम के तहरीर पर राजन,राजू, प्रिंस,विवेकी, दीपू के खिलाफ मारपीट और एससी एसटी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है । और विजय बहादुर के तहरीर पर राकेश गौतम,सतीश गौतम,मुकेश, बेचू,और दुर्गेश गौतम के खिलाफ बलवा मारपीट तोड़फोड़ आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछने पर कोतवाल अश्विनी राय ने बताया कि गुमटी की दुकान पर पान खाने को लेकर मारपीट हुई थी दोनो तरफ से तहरीर मिली है दोनो तरफ से मुकदमा दर्ज है । लल्लन गौतम का आरोप है कि उनका छप्पर जला दिया गया है । पूरे मामले की जांच कराई जा रही है।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने फोरलेन पर लगाया जाम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय विकास खंड की स्वयं सहायता समुह की दो सौ से अधिक महिलाओं ने मंगलवार को प्रशासनिक दुर्व्यवस्था के खिलाफ हंगामा करते हुए फोरलेन पर जाम लगा दिया! खण्ड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव ने किसी तरह आक्रोशित महिलाओं को समझा बुझा कर मामला शान्ति कराया! प्रयागराज में प्रधानमंत्री के रैली में शामिल होने के लिए उ०प्र०राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को बुलाया गया था! 500 महिलाएं रैली में जाने के लिए ठंड में सुबह पांच बजे ब्लाक पर पहुँच गयीं! किंतु प्रयागराज में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में भाग लेने के लिए मात्र 7 बस की ही व्यवस्था हो पाई। 7 बसों में 246 महिलाएं ही प्रयागराज जा पाई। शेष महिलाएं रैली में न जाने के कारण मौके पर हंगामा खड़ी कर दीं। महिलाओं ने आरोप लगाया है कि सुबह 5:00 बजे से सभी महिलाएं ब्लॉक पर पहुंच चुकी थी कि प्रशासनिक व्यवस्था के परिणाम स्वरुप संसाधन नहीं मिला जिससे हम लोगों को दोबारा इस कड़ाके की ठंड में 15 – 20 किलोमीटर दूर पुनः घर वापस लौटना पड़ा ! इस बात को लेकर महिलाओं में खासा नाराजगी है। खंड विकास अधिकारी शरद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जिले से ही साधन उपलब्ध नहीं हो पाया परिणाम स्वरूप महिलाएं रैली में भाग नहीं लेने जा सकीं। हंगामा करने वाली महिलाओं में पूनम, शशि, माधुरी, दिव्या, कनक लता, पूजा, प्रियंका ,सौम्या ,आरती स्नेह लता आदि लोग थीं।

## निशुल्क राशन पा करके खिले गरीबों के चेहरे

जौनपुर। शाहगंज पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : विकासखंड शाहगंज क्षेत्र के अतरौरा ग्राम पंचायत में राशन कार्ड धारकों तक निशुल्क अनाज व खाद्य सामग्री मिलने से लोगों में खुशी की लहर है। राशन कार्ड धारक का कहना है कि कोटेदार रामचंद्र के यहां जब से कोटा मिलना चालू



हुआ,तब से आज तक निर्धारित समय पर राशन का वितरण होता है। और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बहुत–बहुत धन्यवाद जिससे हम गरीब लोगों तक हमारी उपयोग की राशन सामग्री इसमें रिफाइन तेल 1 लीटर, 1 किलो चना, 1 किलो नमक, गेहूं व चावल हमारे तक निःशुल्क पहुंचाने का कार्य किए। और बतादें कि लेने में लगे ग्रामीणों का कहना है,कि तकनीकी असुविधा के कारण कभी–कभी डिवाइस काम नहीं करने की वजह से राशन मिलने में एक–दो घंटे की देरी हो जाती है।

## 25 दिसंबर को प्रातः 10:00 बजे लगेगा वैक्सीन कैम्प

आर एल पाण्डेय लखनऊ। लखनऊ मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज की प्राचार्य श्रीमती शिवानी वर्मा ने क्षेत्र वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी सम्मानित सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों को ''क्रिसमस डे'' की शुभकामनाओं के साथ ये सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि आगामी दिनांक – 25 / 12 / 2021 को , प्रातः 10 बजे से कोविड–19 संक्रमण रोकने हेतु मुफ्त वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन लखनऊ मॉडर्न पब्लिक इंटर कॉलेज सेक्टर–10,पानीगांव पैलेस के पीछे, इंसाफ नगर इंदिरा नगर लखनऊ मेंहोना सुनिश्चित है । इसमें मुफ्त कोविशील्ड वैक्सीन प्रथम डोज एवं द्वितीय डोज दोनों लगवाई जाएगी । अतः समस्त क्षेत्रवासियों जिन्हें भी वैक्सीन लगवानी हो वे उक्त कैम्प में आकर अपना वैक्सीनेशन करा सकते हैं । इसके लिए पहले से रजिस्ट्रेशन करवाने की आवश्यकता नहीं है । कृपया अपने साथ आधार कार्ड एवं मोबाइल फोन जरूर लेकर आयें। (ध्यान रखें उचित दूरी और मास्क जरूरी)

## गुरुदेव महाराज के भक्तों ने किया हनुमान चालीसा पाठ

आर एल पाण्डेय लखनऊ. भक्तों के भगवान हनुमत् स्वरूप पूज्य बाबा नीब करौरी महाराज श्रद्धालु जनों के मन मंदिर में सदा विराजमान रहते हैं. वह चमत्कारी संत रहे हैं. उनमें मृत व्यक्ति को जीवन दान देने की शक्ति की बात महान संत देवरहा बाबा ने भी कही है. यह बात



गुरुदेव महाराज के अनन्य भक्त आशुतोष मेहरोत्रा ने राजधानी के राजेंद्र नगर स्थित एक समारोह में कही.श्री मेहरोत्रा ने कहा कि बाबा नीब करौरी महाराज ने देश के अन्य शहरों के साथ लखनऊ में हनुमान सेतु मंदिर की स्थापना की. इससे पहले वह गोमती नदी के किनारे हनुमान जी का मंदिर बनाया था, जो आज भी हनुमान सेतु मंदिर के सामने नीचे स्थित है. उन्होंने कहा कि बाबा जी में हनुमान जी की शक्तियाँ समाहित थी इसीलिए वह जिस भक्त से जो कह देते थे, वह हो जाता था. भक्तों का मानना है कि बाबा जी ने संसार के दिखावे में शरीर भले ही छोड़ दिया हो लेकिन वह आज भी भक्तों के बीच में रहते हैं और जब तब श्रद्धालु जनों को अपनी उपस्थिति का एहसास भी कराते रहते हैं.समारोह में दर्जनों भक्तों ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया. पाठ करने वालों में सर्वश्री ए. के. सिंह, युद्धवीर अग्रवाल, रतन कुमार श्रीवास्तव, भगवान सिंह, विष्ट, नरेश दीक्षित, अनुराग मिश्र, कृष्ण मुरारी, ओंकार शंखधर, संजय पुंजा, अरविंद सिंह, देवाशीष गर्गेरी, आनंद शंखधर, आर. के. शर्मा, अंकित शर्मा, संजीव गोसाईं, डॉ. अरुण सक्सेना, श्याम गुप्ता, नीरज उपाध्याय, श्याम अवस्थी, सतीश सेठ, विकास मोहन श्रीवास्तव, आशुतोष मेहरोत्रा, पिंकू मेहरोत्रा, रवि बली, सुमित कश्यप, अमर तिवारी, शेखर टंडन, आचार्य आर एल पाण्डेय आदि भक्त खास रहे।

## स्कूल का ढहा जर्जर बार्जा : बाल– बाल बचे छात्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सरायज्ञानचंद का बार्जा ढह कर गिर गया। गनीमत रही स्कूल खुलने से पहले गिरा बार्जा नही तो बड़ी घटना घट सकती थी। बता दें कि मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे धर्मापुर विकासखण्ड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सरायज्ञानचंद का जर्जर बार्जा ढह कर अचानक गिर गया। बार्जा गिरने के आधे घंटे बाद ही स्कूल में छात्रों ने प्रवेश किया। गनीमत रही कि उक्त जर्जर बार्जा अगर आधे घंटे बाद गिरता तो दर्जनों छात्र घायल हो सकते थे। स्कूल के प्रधानाध्यापक कृष्ण मोहन पांडेय ने बताया कि सुबह साढ़े आठ बजे जर्जर बार्जा अचानक गिर पड़ा। उस समय स्कूल पर बच्चे नही थे नही तो बच्चे चपेट में आ जाते। उन्होंने कहा कि कई बार लिखित रूप से ग्राम प्रधान व ब्लॉक पर अधिकारियों को मिशन कायाकल्प योजना के अंर्तगत कार्य करवाने के लिए सूचना दिया है फिर भी अभी तक कायाकल्प योजना का कार्य नही हो सका है। बार्जा गिरने की सूचना स्कूल के प्रधानाध्यापक ने ग्राम प्रधान व बीईओ को दे दिया है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयकर विभाग द्वारा टीडीएस सेमिनार का आयोजन संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयकर विभाग द्वारा टीडीएस सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार के संयोजक आयकर अधिकारी टीडीएस, सुल्तानपुर सुनील कुमार श्रीवास्तव ने जनपद जौनपुर के समस्त आहरण वितरण अधिकारी तथा लेखा संवर्ग के सभी कर्मचारियों को टीडीएस संबंधी जानकारी उपलब्ध करायी। इस सेमिनार में आहरण वितरण में टैक्स कटौती संबंधी सभी बारीकियों पर चर्चा की गई। सेमिनार के अंत मे आहरण वितरण अधिकारियों के समस्यायों का भी निवारण किया गया। आयकर विभाग की ओर से (आयकर निरीक्षक इंद्रपाल, आयकर निरीक्षक शिव गोविंद सिंह, आयकर निरीक्षक विपिन सिंह, जीएसआर एंड एसोसिएट सीए अनिल दुबे ने भी समस्यायों का समाधान किया। इस अवसर पर वरिष्ट कोषाधिकारी सुनील कुमार, जिला विकास अधिकारी बीबी सिंह, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय तथा सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

## पीएम के रैली में जा रही समूह की महिलाएंओ को नही मिली बस, हंगामा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी ब्लॉक मुख्यालय पर सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब प्रयाग में होने वाली पीएम मोदी की रैली में जाने के लिए महिलाओ को बस में जगह नही मिली ।जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मंगलवार को संगम नगरी में हैं। इस दौरान पीएम मोदी मातृशक्ति के महाकुंभ में भाग ले रहे हैं। प्रयागराज के परेड मैदान में आयोजित कार्यक्रम में उनका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कार्यक्रम है। जिसमे क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित स्वयं सहायता समहू से जुड़ी महिलाओ को अधिकारियों द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर बुलाया गया था। जहां भोर से ही महिलाओ का जमावड़ा लगना शुरू हो गया, लेकिन सुबह साधन की व्यवस्था उचित ना होने पर वे भड़क उठी। उनकी संख्या बल अधिक होने पर महिलाओं को बस में जगह नहीं मिली तो वे जबरजस्त हंगामा शुरू कर दिया। वह जाने के लिए कसकती रह गईं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने ब्लॉक के कर्मचारियों पर आरोप लगाया कि, बिना वजह हम लोगों को बुलाकर ठंड में परेशान



किया गया। जिम्मेदारों की लापरवाही छुपाकर उल्टे धमकी दी जा रही है कि, कार्यक्रम के बाद समूह बंद कर सभी को बाहर निकाल दिया जाएगा ।सूचना पर पहुची बरसठी पुलिस से भी महिलाओ की नोकझोक हो गई बढ़ते बवाल की सूचना पर एसडीएम अर्चना ओझा, तहसीलदार संतोष सिंह व सीओ एसपी उपाध्याय मय फोर्स मौके पर पहुंच कर घण्टो माथापच्ची कर हंगामा कर रही महिलाओं को समझा–बुझाकर मामले को शांत कराया।

## प्रधानमंत्री मोदी काशीवासियों को देंगे करोड़ों की सौगात : अमूल डेयरी प्लांट का करेंगे शिलान्यास– राकेश त्रिवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज जौनपुर में जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक हुई। बतौर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी ने कहा कि 23 दिसंबर को वाराणसी आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2100 करोड़ की 25 परियोजनाओं की सौगात देंगे, इसमें 1200 करोड़ की चार परियोजनाओं का शिलान्यास है जबकि 863 करोड़ रुपये की 21 परियोजनाए लोगों को समर्पित किया जाएगा। सबसे खास 500 करोड़ रुपये की लागत से पिंडरा के करखियांव में बनने वाले डेयरी अमूल प्लांट का शिलान्यास किया जाएगा, प्लांट का निर्माण 32 एकड़ भूमि में किया जाएगा। जिससे पूर्वांचल के पांच हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। वहीं दुग्ध उत्पादकों को कंपनी अपने लाभांश का कुछ प्रतिशत भी वर्ष के अंत में भुगतान करेगी। इस प्लांट में अत्याधुनिक मशीनें लगाई जाएंगी। पांच लाख लीटर दूध उत्पादन किए जाने का लक्ष्य। करखियांव में बनने वाले दूध प्लांट की उत्पादन क्षमता पांच लाख लीटर की है। शिलान्यास के बाद प्लांट निर्माण का काम शुरू तो होगा ही इसके साथ–साथ कंपनी के अधिकारी 50 किलोमीटर परिधि क्षेत्र के गांवों को जोड़ने में जुट जाएंगे। तैयारी है कि



कंपनी हर गांव में दूध कलेक्शन सेंटर खोलेगी। इसके लिए हर गांव में दूध क्रय समिति बनाई जाएगी। दूध की खरीद स्टैंडर्ड आपरेटिंग प्रासेस के तहत होगा। पार्किंग से पुराने शहर को फायदा। बेनियाबाग में बनने वाली अंडर ग्राउंड पार्किंग से सबसे अधिक फायदा पुरानी काशी में रहने वालों को होगा। 16500 वर्ग मीटर क्षेत्र में बनने वाली पार्किंग में 470 चार पहिया और 130 दो पहिया वाहनों को खड़ा किया जा सकेगा। इसके उपरी हिस्से में पार्क भी बना है, जिसमें ओपन जिम, योग गार्डन भी हैं। गोदौलिया, नई सड़क, गिरिजाघर जाने वाले लोग भी अपनी गाड़ी को यहां पार्किंग कर सकेंगे। उन्होंने आगे कार्यकर्ताओ से कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आह्वान किया एक–एक कार्यकर्ता लग जाये ताकि कार्यक्रम सफल हो। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, पीयूष गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया, जिला मंत्री राजू दादा, अभय राय, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, विनीत शुक्ला, इन्द्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति, विपिन द्विवेदी, प्रतीक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## कायस्थ महासभा को संगठनात्मक मजबूती प्रदान करने के लिए प्रदेश अध्यक्ष का व्यापक दौरा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के संगठनात्मक संरचना को चुस्त–दुरुस्त रखने के उद्देश्य से प्रदेश अध्यक्ष डॉ इन्द्रसेन श्रीवास्तव ने सोनभद्र जनपद के अनपरा में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल श्रीवास्तव प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव प्रदेश सचिव एस के श्रीवास्तव व अन्य साथियों के साथ बैठक किया। साथ ही आगामी दिनों में विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाले कायस्थ सम्मेलन को भी लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया ।इसी क्रम में सोनभद्र से अनपरा की दूरी लगभग 100किमी होने के कारण वहां संगठन के कार्यों में गति नहीं पकड़ पा रही है। प्रदेश अध्यक्ष जी ने वरिष्ठजनों से बिचारोपरान्त मौजूद सभी लोगों के बीच सोनभद्र जनपद को दो भागों में विभाजित करने की घोषणा करते हुए कहा कि सोनभद्र जनपद मूल जनपद के अतिरिक्त संगठन के दृष्टिकोण से इससे अलग सोनभद्र ऊर्जान्चल के नाम से जाना



जायेगा ।आज आयोजित इस बैठक में सोनभद्र ऊर्जान्चल जनपद के जिलाध्यक्ष मनदीप कुमार श्रीवास्तव तथा महामंत्री अभय श्रीवास्तव को मनोनीत किया जा रहा है। उपरोक्त बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने हर्षध्वनि के साथ अपनी सहमति व्यक्त करते हुए प्रसन्नता जाहिर किया। श्याम चन्द्र श्रीवास्तव प्रदेश महामंत्री अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने बताया कि सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अब से उत्तर प्रदेश में कायस्थ महासभा में संगठन दृष्टिकोण से सोनभद्र ऊर्जान्चल जनपद के नाम से जाना जायेगा। उक्त आशय की जानकारी प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

## जनवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का मासिक बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के जफराबाद विधान सभा क्षेत्र के हौज गांव में गांव में स्थित जनवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मासिक बैठक किया गया जिसमें जिलाध्यक्ष अमरनाथ चौहान ने कार्यकर्ताओं की समीक्षा करते हुए अपील किया कि आप सभी लोग बुथ अध्यक्ष,सेक्टर अध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष,विधान सभा अध्यक्ष की कमेटी जल्द से जल्द बनाने का कार्य करें तथा आप सभी लोग गांव–गांव जाकर लोगों को पार्टी के विचार धारा के बारे में लोगों को बताये तथा अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाने का कार्य करें ताकी आने विधान सभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को चुनाव जिताया जा सके इस दौरान जिला उपाध्यक्ष सूरज चौहान, जिला सचिव अखिलेश चौहान, जिला कोषाध्यक्ष अमेरिकन चौहान, जिला मीडया प्रभारी छोटे लाल चौहान,अभाजक संघ जिलाध्यक्ष बृजपाल चौहान,विधानसभा अध्यक्ष



युवा मोर्चा राहुल चौहान,महिला मोर्चा अध्यक्ष दूर्वाशा चौहान, विधान सभा अध्यक्ष मैन बहादुर चौहान, सेक्टर अध्यक्ष कंचन चौहान, वीरेंद्र चौहान ,पप्पु चौहान,योगेंद्र चौहान,जिला सचिव निर्भय चौहान, किसान मोर्चा विधानसभा अध्यक्ष धर्मवीर चौहान,सुरेंद्र चौहान,आशीष चौहान, सूर्यबली चौहान,संतोष सरोज सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दम्पति पुरस्कार हेतु करे आवेदन

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने सर्वसाधरण को अवगत कराया है कि दम्पति पुरस्कार योजना जनपद–जौनपुर में संचालित है। इसके अन्तर्गत 35 वर्ष से कम उम्र की विधवा महिला से शादी करने वाले व्यक्ति को जो आयकर दाता न हो को 11000 रू0 एकमुस्त दम्पति पुरस्कार योजना के अन्तर्गत देय है। उक्त योजना का मानदेय जिला प्रोबेशन कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन के साथ पूर्व पति के मृत्यु प्रमाण पत्र, वर्तमान शादी की तिथि व प्रमाण पत्र, बैक पास बुक, आधार कार्ड छायाप्रति, आय प्रमाण पत्र, संयुक्त फोटो, मोबाइल नं0 के साथ आवेदन जिला प्रोबेशन कार्यालय कलेक्ट्रेट, जौनपुर में जमा किया जा सकता है।

# गोसाईगंज विधानसभा में पूर्व विधायक अभय सिंह के द्वारा पिछड़ा वर्ग सम्मेलन का हुआ आयोजन

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) जिले के गोसाईगंज विधानसभा में पूर्व विधायक अभय सिंह द्वारा आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में जिस तरह से फैजाबाद से लेकर आगागंज टिकरी कार्यक्रम स्थल तक जगह–जगह मुख्य अतिथि राजपाल कश्यप का भव्य स्वागत हुआ।उससे यह साबित हो गया है की ये जो पिछड़े वर्ग और दलित समाज के लोग हैं उनका विधायक अभय सिंह के प्रति और समाजवादी पार्टी के अगाध प्रेम एवं अपनापन है।सूत्र के मुताबिक इस कार्यक्रम स्थल में हजारों–हजार की संख्या में जनसैलाब उमडा रहा।लोगों के मुँह से निकल रहा था कि भले ही पिछले बार अभय सिंह यहां से कुछ वोटों से चुनाव हार गए हो मगर आज भी यहां की जनता अभय सिंह को ही अपना नेता और अपना बेटा मानती है। वे 2022 में पुनः अभय सिंह को अपने मसीहा के रूप में अपना विधायक देखना चाहते हैं।जिस कदर पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में पूर्व विधायक, जननायक अभय सिंह के नेतृत्व में अपार जनसैलाब एकत्रित हुआ वाकई इससे समाज के हर वर्ग में पूर्व विधायक अभय सिंह की लोकप्रियता की झलक दिखाई दी।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता, समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व विधान




परिषद सदस्य राजपाल कश्यप मौजूद रहे और देखकर गदगद भी हुए, उन्होंने अपने बयान में जाहिर भी किया सरकार के तानाशाही रवैया के चलते आज जो जनसमूह एक इशारे पर एकत्रित हुआ है वाकई में परिवर्तन को दर्शाता है।इस मौके पर पूर्व विधायक अभय सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि को श्री राम दरबार और गदा देकर उनका स्वागत अभिनंदन किया गया और आम जनता के साथ इस सप्ताह में हुए हर अत्याचार का बखूबी बदला लेने की बात भी कही गई।

# प्रदेश में सपा की सरकार बनने के आसार –गंगा सिंह यादव

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) आने वाले विधान सभा चुनाव में सपा की सरकार बनने से कोई नहीं रोक सकता है।चुनाव में बूथ अध्यक्षों की अहम भूमिका होती है सभी बूथ अध्यक्ष अभी से ही अपना अपना बूथ मजबूत करके आने वाले चुनाव पार्टी की जीत सुनिश्चित करें।यह बातें रुदौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बूथ अध्यक्षों व सेक्टर इंचार्जों की बैठक को सम्बोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने कही। वरिष्ठ नेता तथा सपा जिला सचिव मो0 रईस खाँ ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार से जनता का मोह भंग हो गया है।जनता विधान सभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखायेगी।रईस खाँ ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता गांव गांव जाकर भाजपा सरकार की गलत नीतियों को उजागर करें।सपा मुखिया अखिलेश यादव के संदेश को जन जन तक पहुंचायें।बैठक को रूदौली चेयरमैन जब्बार अली, विधान सभा प्रभारी ईश्वर लाल वर्मा,विधान सभा अध्यक्ष छोटेलाल लाल यादव,जिला पंचायत प्रतिनिधि मो0 अली,ब्लाक अध्यक्ष रेहान खान,सरफराज नसरुल्ला,विनोद लोधी,राम नरेश गुप्ता,पिंटू वर्मा,पप्पू वर्मा,सभासद उस्मान अंसारी,डाक्टर एखलाक खाँ,मुन्ना खाँ,वैश अंसारी उर्फ गुड्डू,कल्लू सिंह अयूब प्रधान,राज बहादुर यादव,सती यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# वृक्षारोपण की दर्ज जमीन पर हुआ अवैध खनन : हल्का लेखपाल व ग्राम प्रधान की जानकारी में खनन होने की चर्चा

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : जिले की रुदौली तहसील के राजस्व ग्राम सैमसी में मजरे प्रेम नगर में वृक्षारोपण की दर्ज जमीन पर अवैध खनन की सूचना मिली है। अपुष्ट सूत्रों के अनुसार गाटा संख्या 1927 जिसका रक्बा सात बीघा लगभग में अवैध खनन हुआ और किसी को जानकारी तक नहीं हुई। जानकारों के अनुसार सैकड़ों ट्राली मिट्टी उक्त जमीन से खनन कर निकाली गई जो शांति स्मारक महाविद्यालय में और सैमसी निवासी राम अभिलाष सिंह के दरवाजे पर डाली गई।इस संबंध में जब आज दोपहर में हल्का लेखपाल हरिश्चंद्र सिंह से बात की गई तो लेखपाल ने कहा खनन हुआ है लेकिन उस समय जानकारी नहीं हुई। मैं अनभिज्ञ था।दूसरी बात लेखपाल के अनुसार वह खुद कन्फ्यूज थे कि गाटा संख्या 1927 में ही खनन हुआ है या कहीं अलग। लेखपाल ने यह भी कहा कि अभी कन्फर्म होने के बाद बाद आपको सूचना दी जाएगी। लेकिन न लेखपाल का फोन आया और न ही दोबारा लेखपाल से संपर्क स्थापित हो सका। बताते चलें कि लेखपाल हरिश्चंद्र सिंह हमेशा विवादों के घेरे में रहते हैं। और लंबें समय से ये तहसील क्षेत्र के सैमसी व सैदपुर गांवों का कार्य भार देख रहे हैं।आईजीआरएस तक की शिकायतों पर छः छः माह रिपोर्ट तक नहीं लगाते।

# अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर को प्रेस क्लब अयोध्या के पदाधिकारियों को संचालन के लिए सीएम योगी से की गई माँग – महन्थ नृत्य गोपाल दास महराज

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : प्रेस क्लब अयोध्या के संरक्षक व श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महन्थ नृत्य गोपाल दास महराज ने अयोध्या में बने अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर को प्रेस क्लब अयोध्या के पदाधिकारियों को संचालन के लिए सीएम योगी से माँग की है।भेजे गए पत्र में प्रेस क्लब अयोध्या के संरक्षक व दिगम्बर अखाड़े के महंत सुरेश दास जी महराज, प्रेस क्लब अयोध्या के संरक्षक व दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ रमा शरण अवस्थी,प्रेस क्लब अयोध्या के संरक्षक व दूरदर्शन आकाशवाणी के ब्यूरो चीफ राजेन्द्र सोनी एवं प्रेस क्लब अयोध्या के संस्थापक अध्यक्ष महेन्द्र त्रिपाठी ब्यूरो डभ्1न्यूज चौनल, प्रेस क्लब अयोध्या के उपाध्यक्ष मुकुल श्रीवास्तव ब्यूरो सहारा समय,प्रेस क्लब अयोध्या के महासचिव पुनीत मिश्र ब्यूरो एबीपी न्यूज ,प्रेस क्लब अयोध्या के सचिव के. बी. शुक्ल ब्यूरो न्यूज18,संयुक्त सचिव अनूप कुमार, ब्यूरो ईटीवी भारत, वरिष्ठ पत्रकार हरि शंकर सफरी वाला,उपमंत्री महेश आहूजा ब्यूरो के– टीवी न्यूज ने अपने हस्ताक्षर किए हैं। भेजे गए पत्र की प्रतिलिपि सूचना निदेशक उत्तरप्रदेश लखनऊ, मण्डलायुक्त अयोध्या , जिलाधिकारी अयोध्या, उप सूचना निदेशक अयोध्या मण्डल अयोध्या व एस एस पी अयोध्या को सूचनार्थ प्रेषित है। आपको बताते चलें कि प्रेस क्लब अयोध्या के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने 31 मई 2017 को महन्थ नृत्य गोपाल दास महराज के जन्मोत्सव पर जब सीएम योगी आदित्यनाथ जी अयोध्या पधारे थे तो एक मांग पत्र अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता जी के माध्यम से देकर सीएम योगी को दिया था जिस पर स्वीकृति देते हुवे अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर की घोषणा की थी जो 1 करोड़ की लागत से अब बन कर तैयार है। उक्त का लोकार्पण माननीय सीएम योगी जी विगत 3 नवम्बर को दीपोत्सव कार्यक्रम में कर चुके है। प्रसाशनिक पत्राचार भी महेंद्र त्रिपाठी अध्यक्ष प्रेस क्लब अयोध्या को संसूचित हैं जिसमे तत्कालीन सूचना निदेशक व अयोध्या जिलाधिकारी रहे अनुज कुमार झा जिहोने मुख्यमंत्री जी को घोषणा को संज्ञान में लेकर उनकी घोषणा का अनुपालन कराते हुए तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ अनिल कुमार पाठक पत्र लिखकर प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी के पत्र का हवाला देकर जमीन उपलब्ध कराने व आय ब्यय व मीडिया सेंटर प्रेस क्लब निर्माण का नक्शा पास कराने को कहा था । जिस पर तत्कालीन जिलाधिकारी डॉ अनिल पाठक ने प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी को पत्र लिख कर जमीन के चयन के लिए आदेशित किया था साथ ही उपजिलाधिकारी रहे नागराज हुलसी ने भी पत्र लिखकर जमीन पर अपनी आख्या दी थी। अति महत्वपूर्ण बात यह है कि नजूल विभाग के द्वारा जमीन उपलब्ध कराते हुए एक पत्र जिलाधिकारी डॉ अनिल पाठक के द्वारा दी गयी '' 'जिसमे निर्माण के लिए प्रस्ताव भी महेन्द्र त्रिपाठी, अध्यक्ष प्रेस क्लब अयोध्या से मांगा गया है। प्रशासन को प्रेस क्लब अयोध्या ने अपना पूर्ण विधिक सहयोग देते हुए सुझाव के जरिये मौके पर भूमि कम होने की स्थिति में अतिरिक्त भूमि की मांग की जो अभी शासन में विचाराधीन है क्योकि पार्किंग की कोई जगह ही नही है।'' चूंकि शासन द्वारा प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष से ही प्रस्ताव मांगा गया है एवं प्रस्तावनुसार ही कार्य हुआ है, तदनुसार कार्यदायी संस्था प्रेस क्लब अयोध्या से ही नियमानुसार संचालन कराए जाने की मांग उठी है। अब वातानुकूलित अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर बन कर तैयार है पर अभी संचालन हैंडओवर नही हुआ और न ही लोकार्पण का शिलापट्ट लगा जिससे प्रेस क्लब अयोध्या के पदाधिकारियों ने नाराजगी व्यक्त की है। ज्ञातव्य हो कि शिलान्यास कार्यक्रम में शिलापट्ट पर प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष व प्रेस क्लब अयोध्या के संरक्षक एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास जी सहित पदाधिकारियों का नाम नही गया था। जिस पर एक प्रतिनिधि मण्डल ने बीते 2 नवम्बर 2019 को सीएम योगी से 5, कालिदास मार्ग सरकारीआवास लखनऊ पर जा कर वस्तुस्थिति से मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया था जिस पर सीएम योगी आदित्यनाथ जी ने संज्ञान रखते हुए आश्वासन दिया था कि उद्घाटन में नाम जायेगा और संचालन प्रेस क्लब अयोध्या करेगा। समस्त मीडिया कर्मियों और अयोध्यावासियों के हित में अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर के जल्द संचालन हेतु प्रेस क्लब अयोध्या ने सीएम योगी आदित्यनाथ जी व जिलाधिकारी अयोध्या, सूचना निदेशक उत्तरप्रदेश लखनऊ, मण्डलायुक्त अयोध्या, उप सूचना निदेशक अयोध्या व एस एस पी अयोध्या को पत्र लिखकर अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर को हैंडओवर करने व संचालन की मांग की है। पत्र में उल्लिखित है कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर में सीएम योगी का स्वागत समारोह कर उनका अभिनन्दन किया जाएगा। पूर्व में प्रेस क्लब अयोध्या को ही कार्यदायी संस्था मानते हुए प्रेस क्लब अयोध्या के प्रस्ताव को नियमानुसार उचित और जनहित में पाते हुए प्रेषित प्रस्तावनुसार हरी झंडी देते हुए माननीय यशस्वी मुख्यमंत्री योगीजी के ही अथक प्रयास से अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेंटर का निर्माण सम्भव हो पाया है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब अयोध्या के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी ने दी।

# पूरा ब्लाक की विभिन्न ग्राम सभाओं में कराये जा रहे विकास कार्यों में मिल रही भ्रष्टाचार की शिकायत

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) पूरा ब्लाक की विभिन्न ग्राम सभाओं में कराये जा रहे विकास कार्यों में मिल रही भ्रष्टाचार की शिकायतों का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह ने लिया संज्ञान।संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों व क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के साथ ताबड़तोड़ 15 ग्राम सभाओं में हो रहे कार्यों का किया निरीक्षण। भ्रष्टाचार की शिकायतें सही मिलने ने पर तनी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि की भृकुटि। औचक निरीक्षण के दौरान बैसिह सभा और अलावल पुर ग्रामसभा में 15वें वित्त योजना और मनरेगा द्वारा कराए गए कार्य का घंटे भर तक चला सघन निरीक्षण। अलावलपुर ग्राम सभा में किए जा रहे हैं विकास कार्यों में पाया गया भ्रष्टाचार।निर्माण कार्यों में मानक के विपरीत अव्वल ईट की जगह मिला पीले ईट का उपयोग।बालू की जगह मिला मिट्टी का उपयोग।निर्माण कार्यों में मोरंग का इस्तेमाल न होने पर सही मिली भ्रष्टाचार की शिकायत। निर्माणाधीन स्थानों पर नीचे गिट्टी कुटाई की मात्रा भी कम पाई गई। औचक निरीक्षण के बाद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शिवेंद्र सिंह ने जिम्मेदारों को लगाई फटकार।24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण देने का दिया निर्देश।निरीक्षण के दौरान बीडियो सुभाष चंद्र वर्मा,एपीओ ज्योतिर्मय गुप्ता व ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# कृषि विश्वविद्यालय द्वारा एस.सी. एस. टी. किसानों में गोष्ठी आयोजित कर निःशुल्क गेहूँ का बीज किया गया वितरण

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता बीकापुर) आचार्य नरेंद्र देव कृषि एंव प्रोधोगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह के कुशल दिशा निर्देशन एवं निर्देश पर उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय के फल विज्ञान विभाग द्वारा संचालित अखिल भारतीय समन्वित शुष्क क्षेत्र फल अनुसंधान परियोजना नई दिल्ली के सौजन्य से ग्राम सभा मिझूठि सोरांव जिला – सुलतानपुर के 40 तथा ग्राम सभा सराय घनेठी अजरौली जिला अयोध्या के 48 अनुसूचित जाति के किसानों में गेहूँ का बीज वितरण एवं गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन सम्पन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ ओ० पी० राव,अधिष्ठाता, उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय द्वारा किसानों को बैज्ञानिक ढंग से गेहूँ की बुआई कर अपने आय को बढ़ाने के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। परियोजना के मुख्य अन्वेषक डॉ हेमंत कुमार सिंह पादप रोग वैज्ञानिक द्वारा गेहूँ का बीज वितरण कर गांव के अनुसूचित जाति के किसानों को लाभान्वित करते हुए गेहूं तथा अन्य पौधों में लगने वाले रोग के लक्षणों एवं उनके निदान के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। गेंहू का बीज मिलते ही किसानों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गयी । इस अवसर पर गोष्ठी में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक एवं फल विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय पाठक ने किसानों को घर के चारों तरफ खाली जमीन पर फलदार पौधों को लगा कर उनकी देखरेख करना एवं उनकी पौष्टिकता तथा उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। गोष्ठी में विभाग के प्रदीप कुमार पांडेय, श्री नंदलाल शर्मा आदि ने भी तकनीकी एवं पौध लगाने की जानकारी दी। गेंहू का वितरण मिझूठि गांव के ग्राम प्रधान माधुरी यादव तथा ग्राम पंचायत सदस्य पवन कुमार पासी तथा ग्राम प्रधान भानमति सरायधनेठी अजरौली की अध्यक्षता में वितरण किया गया। विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कुल 88 किसानों को गेहूँ बीज वितरित किए। देर से बोए जाने वाले गेहूं की बुवाई 25 दिसंबर तक कर सकते हैं। अनुसूचित जाति के किसानों में निःशुल्क विभिन्न प्रकार के बीज वितरण का कार्यक्रम और भी विभिन्न जनपदों में विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर किया जा रहा है।

# बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश का 28 दिसंबर 2021 तक वार्षिक चुनाव कराए जाने के निर्देश जारी

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : बार एसोसिएशन बीकापुर द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के लखनऊ खंडपीठ के आदेश पर बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के 28 दिसंबर 2021 तक वार्षिक चुनाव कराए जाने के निर्देश का अनुपालन नहीं किए जाने के चलते कमेटी के तीन सदस्यों ने अपने अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। यह त्याग पत्र एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन अवधेश प्रताप पांडे को सौंपा है। त्यागपत्र देने वालों में वरिष्ठ अधिवक्ता वरिष्ठ कार्यकारिणी के सदस्य सदानंद पाठक के अलावा कनिष्ठ कार्यकारिणी के सदस्य बृजेश कुमार तिवारी और प्रवीण यादव शामिल हैं। वहीं पर दूसरी तरफ वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी ने बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश को करीब 50 अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर युक्त रजिस्टर्ड प्रार्थना पत्र भेजकर आदेश का अनुपालन कराने की मांग की है। सचिव बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद को भेजे रजिस्टर्ड पत्र में बताया कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निर्देश के मुताबिक दिसंबर माह में प्रदेश के समस्त रजिस्टर्ड बार एसोसिएशन का चुनाव कराने का निर्देश निर्गत किया गया था। जिसके क्रम में बीकापुर बार एसोसिएशन ने कोई कार्यवाही नहीं की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान कमेटी के पदाधिकारी पद लोलुपता के चलते चुनाव नहीं कराना चाहते हैं। प्रार्थना पत्र के माध्यम से न्यायालय के आदेश और बार काउंसिल के दिशा निर्देश का अनुपालन सुनिश्चित कराए जाने की मांग की गई है। इस प्रार्थना पत्र के समर्थन में पूर्व अध्यक्ष श्री तिवारी, उमेश प्रसाद पांडे, ओम प्रकाश यादव के अलावा पूर्व मंत्री राममूर्ति यादव, ब्रह्मानंद मिश्र व वरिष्ठ अधिवक्ता अनंत नारायण पांडे, दिनेश कुमार तिवारी, प्रवीण कुमार यादव, पूर्व उपाध्यक्ष देवी दयाल मिश्रा, राघवेंद्र मिश्रा, बीरेश्वर कुमार, सदानंद पाठक, बृजेश तिवारी, आबाद अहमद खा, बब्बन पांडे, रामकेवल, रमेश कुमार, सतीश चंद्र, अवधेश प्रताप सिंह, अशोक कुमार सिंह, आशाराम निषाद, जय प्रकाश, पुष्पेंद्र मिश्रा, पूर्व मंत्री राममूर्ति यादव, राम सजीवन पांडे, दिलीप कुमार, घनश्याम दूबे, सत्यनारायण, गंगा प्रसाद शुक्ला, ओम प्रकाश उपाध्याय, अशोक कुमार सिंह, राम सजीवन चौरसिया, महावीर प्रसाद गुप्त, अरुण कुमार मिश्रा, संजय कुमार पांडे आदि के नाम शामिल हैं।

# डीएम अयोध्या नितीश कुमार नेअन्तर्राष्ट्रीय मीडिया सेंटर/प्रेस क्लब के भवन का किया निरीक्षण

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पावन धर्मनगरीअयोध्या,जिलाधिकारी नितीश कुमार द्वारा आज अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया सेंटर/प्रेस क्लब के भवन का निरीक्षण किया गया। उल्लेखनीय है कि इस प्रेस क्लब का शिलान्यास नवम्बर 2019 दीपोत्सव में हुआ था तथा इसका लोकार्पण नवम्बर 2021 पंचम दीपोत्सव में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा किया जा चुका है। इसकी कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड है उसके आगणन के विपरीत समस्त धनराशि रू0 99.81 लाख स्वीकृत किया जा चुका है। इसकी कार्यदायी संस्था द्वारा हैंडओवर किया जाना है। इसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में निर्मित बैठक कक्ष और उसके सम्बंधित कक्षों का एवं साज सज्जा का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उप निदेशक सूचना डा0 मुरली धर सिंह, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग श्री आर0एस0 यादव, सहायक अभियन्ता श्री डी0पी0 सिंह, अवर अभियन्ता श्री वेद प्रकाश वर्मा एवं श्री अजय शुक्ला, विशेष कार्याधिकारी श्री राम अचल आदि उपस्थित थे।जिलाधिकारी ने कहा है कि इसमें मानक के अनुसार साज सज्जा की कार्यवाही 3 दिन में पूरा किया जाय। इसके बाद इसकी हैंडओवर की कार्यवाही शासन द्वारा निर्धारित समिति को किया जायेगा। इस मौके पर उपस्थित उप सूचना निदेशक को नियमित इसका निरीक्षण करने एवं रिपोर्ट देने का भी निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया।उत्तर प्रदेश शासनध्सूचना निदेशक के निर्देश के क्रम में उप निदेशक सूचना डा0 मुरली धर सिंह ने बताया है कि सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों के मान्यता कार्डो का नवीनीकरण जनवरी वर्ष 2022 से प्रारम्भ किया जायेगा। यह प्रक्रिया 28 फरवरी 2022 तक जारी रहेगी। मान्यता नवीनीकरण / मान्यता मार्गदर्शक सिद्धांत 2008 के अनुसार सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को अपने अपने संगठन के संपादक द्वारा संस्तुति पर नवीनतम वेतन पर्ची नियमिता प्रमाण पत्र डी०ए०वी०पी० का नवीनतम धर यदि किसी संस्थान में संविदा पर कार्यरत है तो उसका नवीनतम अनुबंध पर दिनांक 28 फरवरी 2022 तक तथा कुछ पत्रकार साथी अधिवक्ता भी है एवं मान्यता प्राप्त पत्रकार भी है उन्हें भी अधिवक्ता अधिनियम 1961 के तहत प्रमाण पत्र देना होगा, कि वह अवैतनिक रूप से संवाददाता का कार्य करते हैं संबंधित सूचना मंडलीय सूचना कार्यालय अयोध्या में हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराने की कार्यवाही करें जिससे कि संबंधित मान्यता प्राप्त पत्रकार बंधुओं के मानता कारणों का नवीनीकरण नियमानुसार जिला अधिकारी द्वारा 28 फरवरी 2022 के पूर्व कराया जा सके तथा सभी मान्यता कारणों की वैधता अवधि 28 फरवरी 2022 तक रहेगी और सभी मीडिया बंधुओं का 2021 में सहयोग मिला एवं मिल रहा है एवं आशा है कि 2022 में भी इसी तरह सहयोग मिलता रहेगा 2022 विधानसभा सामान्य निर्वाचन का चुनाव वर्ष है इसमें सभी के सहयोग की विशेष अपील एवं आशा है संस्थान के संपादकों गैरों प्रमुखों आदि को सूचना कार्यालय द्वारा संबंधित पत्र भी भेजा जा चुका है!

# पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : जनपद में पॉक्सो एक्ट के आरोपी को कुमारगंज थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज है ममला मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुमार गंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव का है जो इस प्रकार है। घर के बाहर खाना बना रही नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ और मारपीट के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता की मां की तहरीर पर 10 दिसंबर को मुकदमा दर्ज किया गया था। मामला कुमारगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां एक नाबालिग लड़की अपने घर पर 9 दिसंबर की शाम 7 बजे खाना बना रही थी। उसी बीच गांव का ही एक युवक वहां पहुंचा। उसने लड़की से छेड़छाड़ की और उसका अपहरण करने की कोशिश की। लड़की ने विरोध करते हुए शोर मचाया। इस पर परिवार के अन्य सदस्य मौके पर पहुंचे, तो आरोपी मारपीट करते हुए भाग गया। खंडासा मोड़ से हुई गिरफ्तारी। थानाध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह यादव ने बताया कि मां की तहरीर पर पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया गया था। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी। इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी खंडासा मोड़ पर खड़ा है। वह किसी वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पुलिस चौकी देवगांव प्रभारी मनीष कुमार चतुर्वेदी, कांस्टेबल रविशंकर ने युवक को पकड़ लिया। उसे थाने लाकर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

# बिड़ला धर्मशाला अयोध्या में हुआ समाजवादी परिवार समागम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी द्वारा अयोध्या में समाजवादी परिवार समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व संचालन महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन मौजूद रहे समागम को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा आज जनता भाजपा के कुशासन से त्रस्त होकर स्वयं 2022 के चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए स्वयं घर से निकल चुकी है और भाजपा के झूठ अत्याचार के कुशासन की पोल खोलते हुए अखिलेश यादव के किए गए कार्य को बता रही है उन्होंने कहा भाजपा चुनाव आते ही जनता का ध्यान विकास के रास्ते से भटका कर धर्म के नाम पर हिंदू मुस्लिम को आपस में बांटती है और अब जनता इनके बहकावे में आने वाली नहीं है महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने समागम में आए हुए सभी वरिष्ठ समाजवादियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा आज समय आ गया है कि प्रदेश की गूंगी बहरी सरकार को बेदखल कर पुनः उत्तर प्रदेश में अमन चौन कायम किया जाए, महासचिव हामिद जाफर मीसम ने कहा भाजपा सरकार में नौजवान ,किसान, व्यापारी ,सभी बेरोजगार हो गए हैं और यही नौजवान आने वाले चुनाव में भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकेगे ,महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम उपाध्यक्ष श्री चंद यादव पूर्व प्रदेश सचिव मोहम्मद हलीम पप्पू सचिव शक्ति जयसवाल जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ,उपाध्यक्ष नंदू गुप्ता, राजीव त्रिपाठी, महेंद्र शुक्ला पवन तिवारी, लक्ष्मण कनौजिया,राम भजन यादव, बद्री त्रिपाठी, विजय यादव, पूर्व महामंत्री अवधेश यादव,प्रदीप चौबेशिवांशु तिवारी,महंत आनंद दास, रमेश दास, राजू यादव,शोएब खान राम भजन यादव संजय सोनकर रवि यादव, रमेश यादव, देवा श्रीवास्तव, अखिलेश यादव, राकेश पांडे, नीटू यादव,सर्वेश यादव, कलावती पांडे अमित पांडे, अमन सागर, घनश्याम यादव,दुर्गेश वर्मा, संतोष मिश्रा, महेंद्र गुप्ता, नीरज मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

## हमारा आंगन–हमारे बच्चे'' उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अयोध्या संवाददाता सरवन कुमार : बीआरसी सोहावल के प्रांगण में ''हमारा आंगन–हमारे बच्चे'' उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री व अभिभावक का एक समन्वय स्थापित करने विषयक जानकारी शासनादेश के अनुसार नोडल संकुल शिक्षक पंकज द्विवेदी, प्रसिद्ध कुमार, प्रशांत सिंह व श्रीनिवास द्वारा दी गयी है। इस उत्सव कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान ''बड़े बाबू'' व जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय ''खुन्नू'' तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय सन्तोष कुमार देव पाण्डेय व जिला समन्वयक (निर्माण) गिरिजा शंकर पाण्डेय उपस्थित रहे। उत्सव कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा माँ वीणा वादिनी का पूजन, अर्चन कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया, तत्पश्चात पूर्व ।ठत्ब् कीर्तना त्रिपाठी व ममता रंजन पाण्डेय द्वारा सरस्वती वंदना तथा पूर्व मा.वि. अरकुना की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बीईओ सोहावल यज्ञ नारायण द्वारा मुख्यातिथि का बुके देकर तथा शिक्षक नेता मो.तारिक व समीर सिंह के द्वारा अन्य अतिथियों का माल्यार्पण व बैज अलंकरण करके स्वागत किया गया। उत्सव कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता राम चन्द्र जी, सी.डी.पी.ओ. इंदुमति, युवा नेता नन्द कुमार सिंह व बलराम पाठक, एआरपी संजय चौधरी व राम तीरथ वर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र वर्मा, देव नारायण, मुकेश कुमार, आशुतोष सिंह, रविन्द्र नाथ, रामदेव, मोहन लाल, अतुल पंकज, सूर्यकांत, दीपिका, रनित, नेहा पाण्डेय, आरती, मुनीश वर्मा, राज कृष्ण, मो.शाहिद आदि सैकड़ो शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकत्रीध्सुपरवाइजर व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन लेखाकार रजनीश पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अंत मे बीईओ यज्ञ नारायण द्वारा समस्त के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## उपसूचना निदेशक डॉ मुरलीधर सिंह ने दी आवश्यक जानकारी

अयोध्या संवाददाता डॉ अजय तिवारी : प्रदेश शासन/सूचना निदेशक के निर्देश के क्रम में उप निदेशक सूचना डा0 मुरली धर सिंह ने बताया है कि सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों के मान्यता कार्डो का नवीनीकरण जनवरी वर्ष 2022 से प्रारम्भ किया जायेगा। यह प्रक्रिया 28 फरवरी 2022 तक जारी रहेगी। मान्यता नवीनीकरण/मान्यता मार्ग दर्शक सिद्वांत 2008 के अनुसार सभी मान्यता प्राप्त पत्रकारों को अपने–अपने संगठन के सम्पादक द्वारा संस्तुति पत्र नवीनतम वेतन पर्ची, नियमितता प्रमाण पत्र, डी0ए0वी0पी0 का नवीनतम दर तथा यदि किसी संस्थान में संविदा पर कार्यरत है तो उसका नवीनतम अनुबंध पत्र दिनांक 28 जनवरी 2022 तक तथा कुछ पत्रकार साथी अधिवक्ता भी है एवं मान्यता प्राप्त पत्रकार भी है उन्हें भी अधिवक्ता अधिनियम 1961 के तहत प्रमाण पत्र देना होगा कि वे अवैतनिक रूप से संवाददाता का कार्य करते है। सम्बंधित सूचना मण्डलीय सूचना कार्यालय अयोध्या में हार्डकापी में उपलब्ध कराने की कार्यवाही करें, जिससे कि सम्बंधित मान्यता प्राप्त पत्रकार बंधुओं के मान्यता कार्डो का नवीनीकरण नियमानुसार जिलाधिकारी द्वारा 28 फरवरी 2022 के पूर्व कराया जा सकें तथा सभी मान्यता कार्डो की वैधता अवधि 28 फरवरी 2022 तक रहेगी और सभी मीडिया बंधुओं का 2021 में सहयोग मिला एवं मिल रहा है एवं आशा है कि वर्ष 2022 में भी इसी तरह मिलता रहेगा। 2022 विधान सभा सामान्य निर्वाचन का चुनाव वर्ष है इसमें सभी से सहयोग की विशेष अपील एवं आशा है। संस्थान के सम्पादकों, व्यूरो प्रमुखों आदि को सूचना कार्यालय द्वारा सम्बंधित पत्र भी भेजा जा चुका है।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com


उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।